हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 18 जून 2025


तापमान

अधिकतम 31.9 डिग्री
न्यूनतम 22.9 डिग्री


13 सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर निगम...



14 एसडीएम ने दौरा कर ड्रेनों की सफाई व्यवस्था...




## खबर संक्षेप



हिसार। अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। फोटो: हरिभूमि

### जिंदल अस्पताल रोड से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन ने मंगलवार को जिंदल अस्पताल रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जेई राजकुमार के नेतृत्व में जिंदल रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान रोड से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इसका अलावा रोड पर जो स्थाई अतिक्रमण किया हुआ है उसको हटाने को कहा गया। इसके बावजूद अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सामान भी जब्त किया जाएगा। इसके साथ ही तहबाजारी टीम ने शिव कॉलोनी सूर्य नगर से मिली शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा के साथ तहबाजारी टीम मौजूद रही।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में फ्री मेडिकल एंड फिटनेस कैंप आयोजित करके बुजुर्गों को स्वास्थ्य सलाह दी गई। अमन कोर जिम एवं आनंदा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए गए इस शिविर में घुटने, कमर, गर्दन व गुम चोट की विशेष जांच की गई। डॉ. विकास, अमन वर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने बुजुर्गों की दिनचर्या व गतिविधियों की जानकारी लेकर उन्हें सरल व्यायाम व नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।

### अवैध शराब की 12 बोतल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की 12 के साथ ढाणी पाल निवासी अमित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शहर थाना पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान दयालसिंह कालोनी में शक के आधार पर एक व्यक्ति को रोक तलाशी ली तो उसके पास अवैध देसी शराब की 12 बोतल बरामद हुई। जिसके बाद अमित को अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमबीए प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए फाइनेंस प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### 50 हजार रुपये चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** नई सब्जी मंडी पुलिस चौकी ने गाड़ी के टूल बॉक्स से 50,000 रुपये चोरी करने के मामले में नामजद आरोपी प्रकाश पंचरिया, निवासी करनीपुरा मोहल्ला, जोधपुर को गिरफ्तार किया है। जोधपुर निवासी धर्मा राम ने शिकायत दी थी कि वह फल-सब्जियां राजस्थान से लाकर हिसार की नई सब्जी मंडी में सप्लाई करता है। गाड़ी पर एक कंडक्टर की आवश्यकता होने पर उसने प्रकाश पंचरिया को कंडक्टर के रूप में नियुक्त किया था। गत 22 मई को वह गुजरात से नींबू लेकर हिसार पहुंचा। मंडी में दुकान मालिक से बात कर रहा था, उस दौरान कंडक्टर प्रकाश ने गाड़ी के टूल बॉक्स से 50,000 रुपये चोरी कर फरार हो गया।

## स्कॉलरशिप नीति में बदलाव और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में आंदोलन आठवें दिन भी जारी

# हकृविः अब पुलिस ने 35 आंदोलनकारियों पर किया केस दर्ज, एसपी ने की पुष्टि







हिसार। धरनास्थल पर खड़े पानी को निकालते छात्र तथा धरने को संबोधित करती छात्रा और धरने को समर्थन देने पहुंचे विभिन्न संगठनों ने प्रतिनिधि।

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एचएयू के छात्रों को फोन पर दिया समर्थन
- कांग्रेस एचएयू छात्रों के मुद्दे को संसद सत्र में उठाएगी व हर संभव करेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों और प्रशासन के बीच जारी तनाव बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छात्रों के समर्थन में हाथ बढ़ाया। खड़गे ने स्वयं वीडियो कॉल के माध्यम से छात्रों से सीधा संवाद किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस इस मुद्दे को संसद में उठाएगी और हरसंभव मदद करेगी।

छात्रों की ओर से कुलपति को हटाने की मांग पर खड़गे ने कहा कि वे जल्द ही रणदीप सुरजेवाला को छात्रों से दोबारा बातचीत के लिए भेजेंगे। आप मुझे आंदोलन और मांगों के प्वाइंट्स बनाकर भेज दें। दूसरी ओर, विवि प्रशासन ने आरोप लगाए कि अब यह धरना छात्रों का न रहकर राजनीतिक हो गया है। इस बीच पुलिस ने आंदोलनरत 15 नामजद व 20 अन्य छात्रों पर भी केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को छात्र आंदोलन का आठवां दिन था। बारिश के कारण धरनास्थल पर जलभराव हो गया। ऐसे में छात्रों ने बाल्टियों की मदद से पानी को पास के पार्क में फैंका। इसके बाद छात्रों ने फव्वारा चौक तक मार्च भी निकाला।

आंदोलनकारी छात्रों ने विवि प्रशासन पर आरोप लगाया कि उन्हें लगातार आंदोलन खत्म करने के लिए डराया धमकाया जा रहा है। उन पर दबाव बनाने के लिए विवि प्रशासन नोटिस पर नोटिस भेज रहा है।

छात्रों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि शिक्षकों द्वारा छात्रों को व्यक्तिगत रूप से कॉल कर घर बुलाया जा रहा है, धमकाया जा रहा है। इतना ही नहीं जातीय तथा क्षेत्रीय आधार पर भेदभाव किया जा रहा है। छात्राओं ने आरोप लगाया है कि रात में पुरुष अधिकारी हॉस्टल में आकर डराने की कोशिश करते हैं। आंदोलनकारी छात्रों ने मांग की है कि इन सभी पर निष्पक्ष जांच की जाए और यदि दोष सिद्ध हो तो तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।

### 10 जून को छात्रों पर लाठीचार्ज से शुरू हुआ था विवाद

एचएयू में 10 जून को छात्र स्टाईपेंड में कटौती आदि मुद्दों को लेकर वीसी कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे थे। यहां सुरक्षा कर्मियों ने बहस के बाद उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीट था। वहीं, रात को वीसी का कार का घेराव करते हुए सुरक्षा कर्मचारियों व अधिकारियों ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई छात्रों के सिर फूट गए। छात्रों ने आरोपी अधिकारियों व कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग की। अब छात्र वीसी को भी पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर छात्र परीक्षाओं का बहिष्कार कर धरने पर बैठे हैं। धरने को विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है।

### राज्यपाल से मिले दिग्विजय चौटाला, वीसी को हटाने की मांग

हकृवि विवाद में जननायक जनता पार्टी के युवा अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। दिग्विजय ने उनसे मांग की कि वीसी को पद से हटाकर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने छात्र प्रतिनिधियों संग राज्यपाल से मुलाकात की थी और उन्हें विश्वास है कि राज्यपाल इस मामले में उचित कार्रवाई करेंगे।

### 15 नामजद व 20 अन्य छात्रों के खिलाफ केस दर्ज

एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे छात्र आंदोलन के संदर्भ में एक और एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें करीब 15 छात्र नामजद तथा 20 से अधिक अन्य शामिल हैं। बता दें कि इससे पहले छात्रों की शिकायत पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार, चीफ सिक्योरिटी इंचार्ज सुखबीर सिंह, प्रोफेसर राधेश्याम, सुरक्षा गार्ड सुमन, नरेंद्र, जगमेश पूनिया, अनूप और बिजेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर किया था। इस मामले में आरोपी प्रोफेसर राधेश्याम की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

### पुलिस जैसी वर्दी को बदलने का एसपी ने दिया आदेश

एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सिक्योरिटी गाड्र्स द्वारा हूबहू पुलिस जैसी वर्दी पहनने से जुड़े मामले पर संज्ञान लिया गया है। इस संदर्भ में नोटिस भेजा गया है। नोटिस में सिक्योरिटी गार्डों की वर्दी का रंग बदलने की बात कही गई है। यहां उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सिक्योरिटी गार्ड की ड्रेस बिल्कुल पुलिस जैसी है। जैसे पुलिस बेल्ट और टोपी लगती है वैसे ही वहां के सिक्योरिटी गार्ड भी बेल्ट टोपी लगाते हैं और खाकी वर्दी पहनते हैं।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते डायरेक्टर ऑफ रिसर्च डॉ. राजबीर गर्ग।

## छात्र जहां चाहें, कमेटी उनसे वार्ता को तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- जो छात्र परीक्षा नहीं देगा, वह फेल होगा, इसमें कोई दो राय नहीं : डॉ. गर्ग

हकृवि में चले रह छात्र आंदोलन को देखते छात्रों से बातचीत के लिए कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज द्वारा गठित कमेटी मंगलवार को मीडिया के सामने आई।

कमेटी ने छात्र आंदोलन की शुरुआत से लेकर अब तक हुए घटनाक्रम पर लंबी चर्चा की और विवि प्रशासन का पक्ष रखते हुए छात्रों से अपील की कि विद्यार्थी बातचीत के लिए आगे आए, समस्या का समाधान अवश्य होगा। कमेटी ने कहा कि छात्र जहां चाहे, कमेटी उनसे वार्ता को तैयार है। छात्र राजनीतिक एजेंडे को दूर रखते हुए खुले मन से बातचीत करें।

### छात्र मीटिंग में सहमत हुए, बाहर जाकर मुकर गए

कमेटी के चेयरमैन डायरेक्टर ऑफ रिसर्च डॉ. राजबीर गर्ग और डीन पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज व डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि विद्यार्थियों की तरफ से मांगपत्र आया था उसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गठित कमेटी ने छात्रों से मीटिंग की और छात्र मान कर चले गए, लेकिन बाहर जाते ही मुकर गए। बात करने आए प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि धरने पर बैठे छात्र नहीं मान रहे। कमेटी सदस्यों ने कहा कि विद्यार्थियों की ओर से जो मांगपत्र मिला उसकी सभी मांगे पूरी कर दी गई। कोई विषय बचा नहीं लेकिन छात्र अब भी आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन पूर्ण रूप से राजनीतिक रूप ले चुका है। छात्रों के अनुरोध पर विश्वविद्यालय ने कुछ परीक्षाएं स्थगित कर दी थी, परन्तु अब 16 जून से परीक्षा नियमित आयोजित की जा रही हैं जोकि 21 जून तक होंगी। उन्होंने कहा कि जो छात्र परीक्षा नहीं देगा, वह फेल होगा, इसमें कोई दो राय नहीं। इस अवसर पर स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा भी मौजूद रहे।

### छात्र आंदोलन को मिल रहा समर्थन

इस अमानवीय और असंवेदनशील कृत्य के खिलाफ देशभर के प्रमुख विश्वविद्यालयों ने एकजुटता दिखाई है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर, दिल्ली विश्वविद्यालय; पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली जैसे संस्थानों ने हकृवि छात्रों के आंदोलन को समर्थन दिया है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से आई छात्र प्रतिनिधि टीम ने धरनास्थल पर पहुंचकर आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने संघर्षरत छात्रों को पूरा समर्थन देते हुए एकजुटता का संदेश दिया।

## डाबड़ा माइनर के ऊपर सड़क बनाने को लेकर एसडीएम कोर्ट में सुनवाई

- अगली सुनवाई पहली जुलाई को

**हिसार।** सरकार द्वारा डाबड़ा माइनर के ऊपर प्रस्तावित सड़क बनाने को लेकर आसपास लगते जवाहर नगर, लाजपत नगर व फ्रेंड्स कॉलोनी के लगभग 60 मकान मालिकों को और आसपास के एरिये में मिलाकर दिये गये कुल 134 नोटिसों के सम्बंध में एसडीएम की कोर्ट में सुनवाई की गई। इन तीनों क्षेत्रों के अलावा पीएलए, पटेल नगर से भी प्रभावित लोग स्वयं उपस्थित हुए।

बचाव पक्ष की तरफ से एडवोकेट अनुज गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, मनोज सैनी, अपूर्व गुप्ता, सचिन चुघ, विकास चौधरी, प्रदीप बाजिया, राजपाल मलिक कोर्ट में पेश हुए। सभी वकीलों ने पीड़ितों का पक्ष रखते हुए केस में सिविल कोर्ट से मिले स्टे की कॉपी भी प्रस्तुत की। गौरतलब है कि प्रभावित लोगों की ओर से अलग-अलग किये गये केस में से पांच केसों में स्टे मिला हुआ है जिनकी सुनवाई की अलग-अलग तारीखें मिली हुई हैं। एसडीएम की कोर्ट ने केस की अगली सुनवाई के लिये 1 जुलाई की तारीख निश्चित की।

सुनवाई के दौरान पार्षद राजेन्द्र बिड़लान, पूर्व पार्षद डॉ. महेंद्र जुनेजा के अलावा दर्जनों अन्य लोग भी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों का कहना था कि नियमानुसार 50-60 साल पहले बने उनके मकानों को कब्जे की जगह पर बने होने की कहकर मकान गिराने के आदेश दिए गए हैं जो सरासर गलत है। लोगों में विभाग की कार्रवाई से भारी रोष है।

### ब्लैक फिल्म लगी तीन गाड़ियों का किया 45 हजार का चालान

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान ब्लैक फिल्म लगी तीन गाड़ियों का चालान किया गया है। ट्रैफिक पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम ने बताया की बस स्टैंड हांसी के निकट वाहनों की चेकिंग के दौरान अवैध रूप से लगाई गई ब्लैक फिल्म लगी तीन गाड़ियों को रोक उनके शीशों पर लगाई गई ब्लैक फिल्म हटाया गया। जांच के दौरान एक वाहन चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिला। तीनों गाड़ियों का 45 हजार चालान कर मौके पर ब्लैक फिल्म को हटवाया गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने स्पष्ट किया कि ब्लैक फिल्म लगाना कानूनन प्रतिबंधित है।



## शराब ठेके के विरोध में अग्रसेन मार्केट रही बंद

- सरकार व जिला प्रशासन को महाराजा अग्रसेन मार्केट ठेका खोलने की परमिशन रद करनी चाहिए : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब का ठेका खुलने के विरोध में मंगलवार को दुकानदारों तथा विभिन्न संगठनों ने मार्केट बंद रखी और धरना-प्रदर्शन किया। इस नेतृत्व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने किया।

व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व जिला प्रशासन को महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब का ठेका नहीं खोलना देना चाहिए। महाराजा अग्रसेन मार्केट के पास मंदिर, पुस्तकालय व महान पुरुषों की प्रतिमा लगी हुई है। पुस्तकालय में सैकड़ों बच्चे पढ़ाई करने के लिए आते है। ऐसे में आबकारी एवं कराधान विभाग को शराब ठेका खोलने की जगह बदल देनी चाहिए, इसी तरह वर्ष 2000 में भी इस मार्केट से ठेका खुला था उस समय भी सरकार व जिला प्रशासन द्वारा दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया था।

प्रशासन को महाराजा अग्रसेन मार्केट में ठेका खोलने की परमिशन रद करनी चाहिए ताकि धर्म प्रेमियों की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे और किसी प्रकार का भाईचारा खराब न हो।



हिसार। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि धरने का समर्थन देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन मार्केट के चेयरमैन श्रीराम राजलीवाला, प्रधान विनोद राजलीवाला, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, राजगुरु मार्केट आर्गेनाइजेशन के प्रधान शिव कुमार सैनी, संरक्षक सुरेंद्र सोनी, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रदेश सहसचिव निरंजन गोयल, युवा प्रदेश प्रभारी राहुल गर्ग, प्रमुख समाजसेवी राकेश अग्रवाल, दलजीत पंघाल, प्रेम बंसल, वीरेंद्र तनेजा, कृष्ण गोयल, इलेक्ट्रिक एसोसिएशन के प्रधान हरिश बांगा, मोहित गर्ग, पुस्तकालय संचालक ओमप्रकाश जानी, संजय सुखीजा आदि उपस्थित रहे।

## नोएडा कालेज में पढ़ने गया छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

- पुलिस ने किया गुमशुदगी का मामला दर्ज

हांसी के एचएसवीपी सेक्टर -6 से पढ़ने के लिए नोएडा गया एक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। छात्र के पिता सेक्टर -6 निवासी सतीश ने इस संदर्भ में शहर थाना पुलिस में बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा कर उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में सतीश ने बताया कि 18 वर्षीय लड़का सूर्या प्रताप सिंह नोएडा के जीएल बजाज इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक प्रथम ईयर में पढ़ता है। और वह अपने बेटे को नोएडा कालेज में जाने के लिए 13 जून को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे 3:30 हांसी बस स्टैण्ड से दिल्ली जाने वाली बस में बैठाकर आया था। लेकिन उसके बाद उसके बेटे का फोन लगातार स्वीच ऑफ आ रहा है। और कालेज में पता करने पर पता चला है कि सूर्या प्रताप सिंह कालेज में नहीं आया है।



सूर्या प्रताप सिंह

### विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने दीं शुभकामनाएं

## इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों का नीट परीक्षा में परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- बच्चे बोले-यह परिणाम माता-पिता और शिक्षकों के सहयोग से ही संभव

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (नीट) ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा( नीट 2025) का परिणाम घोषणा कर दिया है। इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा विद्यालय को गौरवान्वित किया। अभिभावक विकास भारद्वाज व बबीता की पुत्री ईशा ने और जगदीश चंद्र व नीलम की पुत्री दिव्यांशी ने नीट की परीक्षा में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। बच्चों ने बताया कि यह परिणाम माता-पिता और शिक्षकों के सहयोग से संभव हुआ। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉक्टर एकता सिंधु ने कहा कि शिक्षकों की विशेष उपलब्धि यह है कि हम फाउंडेशन कोर्स में बच्चों को विद्यालय पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार करते हैं जो अब फलीभूत हो रहा है। प्रधानाचार्या नीलम राठी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों और शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का यह अद्भुत परिणाम है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की और उन्होंने बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एशिया पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप में खेलेंगे बैडमिंटन नर्सरी डीएचबीवीएन के दो खिलाड़ी

- यह प्रतियोगिता 22 जून तक थाईलैंड में खेली जाएगी

**हिसार।** विद्युत नगर में स्थापित बैडमिंटन हॉल के दो खिलाड़ी विजयेंद्र और योगेश एशिया पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप, थाइलैंड में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता 22 जून तक थाईलैंड में खेली जाएगी। ये दोनों खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में एकल व युगल मुकाबले में भारत की तरफ से भाग लेंगे। इस अवसर पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री ए. श्रीनिवास ने दोनों खिलाड़ियों को थाइलैंड एशिया पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई दी तथा दोनों खिलाड़ियों को पदक जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्युत नगर में स्थापित बैडमिंटन खेल अकादमी में खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए और अधिक सुविधाएं देने का आश्वासन दिया तथा बैडमिंटन हॉल को वातानुकूलित करने के लिए निर्देश दिया ताकि खिलाड़ी गर्मी में भी अच्छा अभ्यास कर पाए। दोनों खिलाड़ियों के कोच व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र कुमार तथा वीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम भी इस अवसर पर उपस्थित थे। योगेश जींद व विजयेंद्र गांव नहला से हैं।



हिसार। खिलाड़ियों के मध्य में श्री ए. श्रीनिवास तथा साथ में चीफ इंजीनियर रजनीश गर्ग व बैडमिंटन कोच। फोटो: हरिभूमि

## कारगिल के बलिदानी शहीद पवित्र के घर पहुंचे जवान



- कारगिल के वीर बलिदानियों को सलाम
- मिलकपुर में परिजनों को किया सम्मानित

नारनौंद। गांव मिलकपुर एक में सेना के जवान बलिदानी पवित्र सिंह के परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**नारनौंद।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय सेना के जवान घर-घर पहुंचकर उन बलिदानी वीर सैनिकों के स्वजनों तथा देश के नागरिकों को अवगत करा रही है कि देश के वीर सपूतों ने अदम्य साहस और शौर्य की प्रकाष्ठा दिखाते हुए किस प्रकार भारत माता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन सभी वीर सेनानियों के घर-घर जाकर भारतीय सेना सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित कर रही है। इसी कड़ी में सेना के जवान गांव मिलकपुर के बलिदानी पवित्र सिंह के आवास पर पहुंचे और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनको स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। अपने भावों को दर्शाया है कि हम अपने वीर साथियों को कभी नहीं भूलते और न कभी भूलेंगे। यह हमारा कर्तव्य और हमारी भावना है कि हम उनके परिजनों को बताएं कि हमारे वीर सेनानियों का बलिदान व्यर्थ नहीं गया है। हमारे वीर बलिदानियों का परिवार अकेला नहीं है। नायब सूबेदार कमल कांत और उनके साथियों ने परिजनों संग कारगिल युद्ध की वीर गाथाएं सांझा की। सेना के इस कदम से भारत माता के वीर बलिदानियों के परिवार भी भावुक हो उठे। आज भी बलिदानी सविता सिंह की माता सुजानी देवी को गर्व है कि उन्होंने अपनी कोख से ऐसे बेटे को जन्म दिया जोकि देश के लिए अपनी जान पर खेल गया।




# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।

लाइफ Style



# जेनेलिया

## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

## टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

नई दिल्ली। एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।



# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज


**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

## खबर संक्षेप

### मकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी

**हिसार।** अर्बन एस्टेट एरिया के एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की कीमत के सोने के जेवर व नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना के समय परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे। मकान स्वामी के अनुसार अज्ञात ने उनके घर का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने घर के कमरों का खंगाल डाला। चोरी डबल बैड के अंदर रखे करीब 12 तोले सोने के आभूषण व 30 हजार की नकदी चुरा कर ले गए।

### एक माह में 18 नशा तस्कर गिरफ्तार

**हिसार।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक माह के दौरान हिसार पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 अभियोग दर्ज किए हैं, जिनमें 18 नशा तस्करों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 231 ग्राम 58 मिलीग्राम चिट्टा, 194 किलोग्राम चूरापोस्त, 24 किलोग्राम 156 ग्राम गांजा व 620 नशीली टैबलेट्स बरामद की है। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को नशा तस्करी, अवैध शराब, जुआ, सट्टा या किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### राजू जांगड़ा कर रहे हैं 11 धुणों के बीच तपस्या

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में सेवादार भक्त राजू जांगड़ा 11 दिन के लिए 11 धुणों के बीच तपस्या कर रहे हैं। आश्रम के संचालक महंत राजेश्वरा नंद महाराज ने बताया कि भक्त राजू जांगड़ा 11धूणों के बीच समाधि लगाकर तपस्या कर रहे हैं। राजू प्रतिदिन 12 बजे दोपहर 2 बजे तक तपस्या कर रहे हैं। आज तपस्या से पूर्व भक्त राजू जांगड़ा को जल के साथ विधि विधान से स्नान करवाया गया।

### राष्ट्र व्यापी हड़ताल में शामिल होगा मंच

**हांसी।** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच की राष्ट्रीय कमेटी के आह्वान पर 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारी में मनरेगा साइट उमरा के मजदूर की बैठक हुई जिसमें 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का आहवान किया। बैठक की अध्यक्षता सोनू कुमार मेट ने की। राज्य अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार मनरेगा मजदूरों की मांगों पर गौर नहीं कर रही है। बैठक में राममेहर सिंह, सोनू मेट, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, जोगिंदर निर्मला, कमला, विमला, सुनीता, सरोज, संतोष सहित काफी संख्या में मनरेगा मजदूरों मौजूद थे।

### जिला प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट आज

**भूना।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन फतेहाबाद की ओर से अंडर-15 बॉयज जिला प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 18 जून को होगा। मुकाबले राजकीय महाविद्यालय भूना के फुटबॉल मैदान में खेले जाएंगे। एसोसिएशन के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 18 जून को सुबह 6 बजे मैदान में पहुंचे।

### लालच देकर युवती को लगाई 75 हजार की चपत

**डबवाली।** पुलिस ने एकता नगरी वार्ड नंबर 9 निवासी प्राची गुप्ता पुत्री विद्यासागर की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में प्राची ने बताया कि उसकी बहन आयुषी गुप्ता को टेलीग्राम एप पर टॉस्क पूरा करने पर मुनाफा दिए जाने का संदेश प्राप्त हुआ। शुरूआत में उसे प्रोफिट भी हुआ। इसके बाद उसे ज्यादा पैसे कमाने के लिए आईडी पर ज्यादा पैसे लगाने के लिए कहा। उसने पहले 5 हजार, फिर 50 हजार और फिर 20 हजार रुपये जमा कर दिए। उससे अधिक पैसे जमा करवाने के लिए कहा जाने लगा। धोखाधड़ी का अंदेशा हुआ।

---

### अतिरिक्त आयुक्त ने प्लास्टिक के विक्रेताओं के साथ की बैठक

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर निगम प्रशासन एक्टिव

- हम सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान और सिंगल यूज पॉलीथिन न तो बेचेंगे : विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विक्रेताओं ने शहर को साफ-सुंदर बनाने में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करने का दिया आश्वासन नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने मंगलवार को प्लास्टिक के थोक विक्रेताओं के साथ बैठक की।

बैठक में सचिव राहुल सैनी और प्रदूषण बोर्ड के फील्ड सहायक अंकुश भी उपस्थित रहे। उन्होंने थोक विक्रेताओं को बताया कि कौन-सी वस्तुएं या सामान सिंगल यूज प्लास्टिक में आता है जिनका विक्रय नहीं करना है। इसके साथ उन्हें विक्रेताओं को बताया कि वे कितने माइक्रोन के पॉलीबैग व पॉलिथीन इस्तेमाल कर सकते और विक्रय कर सकते है। इसके साथ ही सचिव और फील्ड सहायक ने थोक विक्रेताओं की शंकाओं के बारे में पूछा और उनको दूर किया। संकाय दूर होने पर थोक विक्रेताओं ने विश्वास दिलाया कि वे हिसार शहर को साफ-सुंदर बनाने में नगर निगम प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे। थोक विक्रेताओं ने कहा कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान और सिंगल यूज पॉलीथिन न तो बेचेंगे और न इनका इस्तेमाल करेंगे। इसके बारे में दूसरों को भी प्रेरित करेगें। इसके लिए सचिव राहुल सैनी ने नगर निगम प्रशासन की ओर से उनका आभार जताया।



हिसार। थोक व्यापारियों की बैठक को संबोधित करती अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल।

#### सिंगल यूज पॉलीथीन पर किया है बैन

2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक व सिंगल यूज पॉलीथीन पूर्ण रूप से बैन है। सभी शहरवासियों व व्यापारियों से अनुरोध है कि वे न तो सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करें न बेचें। इसके अलावा दूसरों को भी इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक करें।
**प्रवीण पोपली, मेयर।**

---

# आर्य समाज मंदिर में योग शिविर

- एक जून से लगातार प्रातः 5 :30 से 7 बजे तक योग शिविर चल रहा
- योग आसनों के साथ-साथ हवन एवं भजनों का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आर्य समाज मंदिर में एक जून से लगातार प्रातः 5:30 से 7 बजे तक योग शिविर चल रहा है। योग शिविर में विभिन्न रोगों के अनुसार योग करवाया जाता है। इस योग शिविर में मुख्य रूप से पतंजलि योगपीठ के शिक्षक जोगिंदर ग्रोवर, अशोक इलाहाबादी, राजीव यादव, जिले सिंह धूपिया, सतीश जांगड़ा व अन्य योग शिक्षकों की विशेष भूमिका रहती है। उधर, प्रधान सतपाल आर्य व मंत्री राम अवतार सिंह ने बताया कि 21 जून को योग दिवस के अवसर पर आर्य समाज मंदिर में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दिन योग आसनों के साथ-साथ हवन एवं भजनों का कार्यक्रम भी रखा गया है भजनों का कार्यक्रम आचार्य कर्मवीर हिसार उपदेश व भजन प्रस्तुत करेंगे। योग शिविर में प्रधान सतपाल आर्य, मंत्री राम अवतार, कोषाध्यक्ष ईश्वर शास्त्री, संरक्षक फतेह सिंह गुर्जर, मिथुन बंसल, सुभाष शेखपुरा, चमन लाल नारंग, प्रविंद लोहान, डॉक्टर सतवीर चौहान तथा पवन सैनी सहित काफी संख्या में साधक उपस्थित थे।



हांसी। योग शिविर में योगासन करते साधक।

### योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज आश्रम स्थित मेडिटेशन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में बीके रमेश दीदी और अनीता दीदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सरिता द्वारा की गई। मुख्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को योग की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर लगभग 520 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयुष विभाग की ओर से योग सहायक रेना और योग शिक्षिका मंजू ने महिलाओं को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का प्रशिक्षण दिया।

---

# गली में थूकने पर ई-रिक्शा चालक के सिर में मारी ईंट

- चालक को घायल करने के बाद हमलावरों ने खुद बुलाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

प्रेमनगर में मंगलवार सुबह ई-रिक्शा चालक द्वारा गली में थूकने पर से शुरू हुई मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और ई-रिक्शा चालक पर ईंट से हमला कर दिया।

इससे ई-रिक्शा चालक का सिर फूट गया और उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल ई-रिक्शा चालक प्रेमनगर निवासी 26 वर्षीय रोशन के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में रोशन ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9:15 बजे अपने ई-रिक्शा लेकर गली से गुजर रहा था। इसी दौरान उसने गली में थूक दिया, जिस पर वहां खड़े युवक ने उसके थूकने पर आपत्ति जताई। इस पर उसने युवक से कहा कि वह अपने घर के सामने ही थूक रहा है।

इसी बात को लेकर कुछ अन्य लोगों के बीच विवाद हो गया। और इसी बात को लेकर उनके बीच बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने उसके सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। वहीं ई-रिक्शा चालक को घायल किए जाने के बाद आरोपियों ने ही खुद ही डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

---

# पुलिस की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों ने बालसमंद-भादरा रोड पर लगाया जाम

- गांव हिंदवान में 33 वर्षीय युवक नवीन की हत्या का मामला
- पुलिस ने एक नामजद आरोपी को पकड़ा, दो दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गांव हिंदवान में करीब 33 वर्षीय युवक नवीन हत्या करने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को बालसमंद-भादरा रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया।



हिसार। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

सूचना मिलने पर डीएसपी मौके पर पहुंचे और उन्होंने समझाबुझाकर करीब 2 घंटे बाद जाम खुलवाया दिया। इस बीच थाना सदर पुलिस ने एक नामजद आरोपी कृष्ण उर्फ करण निवासी हिन्दवान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच अधिकारी एसआई राजेश का कहना है कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। इससे पूर्व जाम लगा रहे मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को युवक नवीन की गर्दन काट कर हत्या कर दी गई थी। तीन दिन बाद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की मांग है कि हत्यारोपियों को गिरफ्तार करे अन्यथा ग्रामीण रोड को नहीं खोलेंगे। डीएसपी मौके पर पहुंचे और जाम खोलने को राजी कर लिया।

#### यह था पूरा मामला

हिंदवान गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए बनी नाली को लेकर दो परिवारों में आपस में विवाद शुरू हुआ। शनिवार को विवाद देखते ही देखते बढ़ गया और एक दूसरे पर ईंटें बरसानी शुरू कर दी। इसी बीच फार्मेसी कर रहे 33 वर्षीय युवक नवीन की गर्दन तलवार से काट दी गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि कृष्ण ने 15- 20 युवकों संग मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने 21 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया हुआ है।

---

### ड्यूटी में बाधा डालने के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने, पुलिस टीम के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने के मामले में गीता कॉलोनी निवासी ईश्वर को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नेत्रपाल ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश कुमार अपनी टीम सहित डायल 112 वाहन पर ड्यूटी पर तैनात थे। गत 15 जून की रात्रि में एक कॉल प्राप्त होने पर पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची। मौके पर मौजूद कॉलर के पिता ईश्वर ने पुलिस टीम से गाली-गलौज की। इतना ही नहीं ड्यूटी में बाधा डाली, मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने घटनाक्रम के आधार पर अभियोग दर्ज कर नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया।

---

# मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगा ओबीसी समाज

- ओबीसी समाज की कंबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एचएयू विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ जातिगत रणनीति को अंजाम दिए जाने के मामले में ओबीसी समाज की एक अहम मीटिंग कंबोज धर्मशाला में हुई, जिसमें ओबीसी समाज के विभिन्न वर्गों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और इस घटनाक्रम को तूल देने की कड़े शब्दों में निंदा की। ओबीसी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि कुलपति द्वारा विद्यार्थियों की सभी मांगों को मान लिया गया था, लेकिन बावजूद इसके कुछ राजनीतिक दल के लोगों द्वारा अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए मामले को तूल देने का काम किया जा रहा है, जोकि उचित नहीं है।



सिरसा। ओबीसी समाज की बैठक में भाग लेते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर ओबीसी समाज की एक कमेटी बनाई गई है, जो उपायुक्त को सीएम व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेगी। कमेटी सभी विधायकों व सांसद को भी मामले संबंधी ज्ञापन सौंपेगी, ताकि इस मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सके और कुलपति की छवि खराब करने वाले मौकापरस्त लोगों को जवाब दिया जा सके। इस मौके पर रामानंद निराणिया, मदनलाल नढा, पूर्व विधायक रामचंद, शीशपाल कंबोज, देसराज कंबोज, लाभचंद कंबोज, कश्मीर चंद, सतनामचंद, राजेंद्र नढ़ा, रमेश कंबोज, प्रेम कंबोज, डॉ. केसी कंबोज, विनोद कंबोज, लालचंद, अमन, संजीव कुमार, मोहन लाल नढ़ा, खजानचंद नंबरदार, दीपक नढ़ा सहित अन्य ओबीसी समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे।

---

### हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने बाल अधिकार संरक्षण को लेकर जिला स्तर पर कार्यों की समीक्षा की

# एरिया को करें चिन्हित, हर हाल में रोकना है बाल श्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में पोक्सो व बाल श्रम रोकने को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार व श्याम शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने जिला स्तर पर किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बैठक में कहा कि बालश्रम रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर सामजस्य के साथ काम करना होगा। बच्चे के अधिकारों की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेवारी है। बैठक में डीएसपी विकास कृष्ण, डीएसपी डबवाली रमेश कुमार, डीएसपी कपिल, महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह, बाल संरक्षण समिति की चेयरपर्सन अनिता वर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल, उप जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रत्येक थाना से पोक्सो एक्ट के लिए नियुक्त अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए केंद्र की ओर से जो पॉलिसी लागू की गई थी, उसकी एसओपी है और उसी अनुरूप कार्य करना है। एसओपी में सभी की जवाबदेही तय हो चुकी है, इसलिए सभी उसी अनुरूप काम करें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम की स्थिति में सहायक श्रम कमिशनर एफआईआर करवाएंगे। आयोग सदस्यों ने कहा कि रेड की जानकारी उपायुक्त को होनी चाहिए और रेड के मामले में तकनीकी पहलुओं पर चर्चा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से भी करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में संबंधित विभाग की मदद करें और एफआईआर में देरी न हो ताकि बालश्रम में पकड़े गए बच्चे की शिक्षा व आर्थिक पहलुओं पर कोई दिक्कत न आए।

#### जरूरत न हो तो कमरे में पर्दे न लगाएं

पोक्सो एक्ट से जुड़े पुलिस अधिकारियों से रूबरू होते समय आयोग के सदस्यों ने कहा कि जरूरत न हो तो, स्कूलों व दूसरे स्थानों पर जहां बच्चे की आवाजाही है, उस कमरे में पर्दे नहीं होने चाहिए। जांच अधिकारियों से उन्होंने यह भी कहा कि यदि बच्चे को रात के समय कहीं रखना भी पड़ जाए तो, उसे वन स्टॉप सेंटर में भी रखा जा सकता है, लेकिन उसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि गुमशुदगी के मामले में यदि बरामदगी के बाद पोक्सो एक्ट लगता है तो इसकी सूचना बाल संरक्षण समिति को दी जानी चाहिए ताकि आंकड़े मिसमैच न हो। उन्होंने पुलिस से थाना वाइज पिछले छह माह में पोक्सो एक्ट की शिकायतें, एफआईआर और जिनमें एफआईआर नहीं हुई उसका कारण तथा जिन मामलों में सजा हुई उसकी जानकारी आयोग को भेजने को कहा।

---

### शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए विशेष कमेटी की बैठक आयोजित

**हिसार।** शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने, सडक सुरक्षा को सुनिश्चित करने और भावी शहरी विस्तार को ध्यान में रखते हुए गठित विशेष कमेटी के निर्देशों की अनुपालना के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं से संबंधित एस्टीमेट, अप्रूवल और एनओसी जैसी आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयसीमा में हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, जिससे समय और संसाधनों का उचित उपयोग हो सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कुछ विभागों को छोडक़र अन्य विभागों का कार्य संतोषजनक है, विशेषकर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लानी होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

# कर्मियों की मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता से मिला प्रतिनिधिमंडल

- कार्यकारी अभियंता ने कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की ग्रामीण ब्रांच का प्रतिनिधिमंडल कर्मचारियों की मांगों को लेकर ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया के नेतृत्व में मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक की कार्यकारी अभियंता से मिला। ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया ने बताया कि कार्यकारी अभियंता के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। कार्यकारी अभियंता ने कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया ने कहा कि यदि कार्यकारी अभियंता ने जल्द मांगों का समाधान नहीं किया तो यूनियन कड़ा फैसला लेने को मजबूर होगी। प्रतिनिधिमंडल में ब्रांच सचिव प्रदीप कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान राजेंद्र खारडिया, कैशियर राकेश झाझड़यिा, रामपाल, राजेश, पवन, चानन, सतीश शर्मा, मोनू, रोहताश आदि मौजूद रहे।



---

### राजकीय महाविद्यालय के ग्राउंड में पुलिस ने करवाई प्रतियोगिता

# जगदीश कॉलोनी की टीम ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय के ग्राउंड में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। यह जानकारी देते हुए कम्युनिटी पुलिसिंग इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सिसाय पुल, दयाल सिंह कॉलोनी, वकील कॉलोनी और जगदीश कॉलोनी की 4 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल में सिसाय पुल व वकील कॉलोनी हांसी तथा दुसरा मैच दयाल सिंह कॉलोनी व जगदीश कॉलोनी की टीमों के बीच हुआ। फाइनल मुकाबला सिसाय पुल और जगदीश कॉलोनी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें जगदीश कॉलोनी की टीम ने सिसाय पुल की टीम को 5-3 से हराकर कर खिताब नाम किया। विजेता टीम को पुलिस ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान एएसआई दीपक कुमार ने विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए जानकारियां दी।



हांसी। चारों फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के साथ कम्युनिटी पुलिसिंग इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार

---

**THE HISAR CO-OPERATIVE MARKETING SOCIETY LTD., HISAR**
N.G.M. Shop No. 187 Govt. Undertaking

**चुनावी सूचना**

दि हिसार सहकारी विपणन समिति लि. हिसार के सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है कि इस समिति की प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए जोन व वोटर्स (मतदाता) के टेन्टटीव सूचियां अनुमोदित हो चुकी है तथा निम्नलिखित स्थानों पर दिनांक 16.06.2025 को प्रदर्शित कर दी गई है इन सूचियों के बारे में यदि किसी सदस्य को कोई ऐतराज हो तो वह लिखित रूप में प्रबंधक समिति नई अनाज मण्डी दुकान नं. 187 के कार्यालय में दिनांक 02.07.2025 सायं 5 बजे तक कार्यदिवस को आवश्यक रसीद प्राप्त करके देवें। जिसकी सुनवाई 08-07-2025 को प्रातः 11 बजे समिति के कार्यालय में की जायेगी सूचियां जहां प्रदर्शित की गई है :
**(1) कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां हिसार (2) कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां हिसार, (3) केन्द्रीय सहकारी बैंक हिसार (4) हिसार पैकस (5) बालसमंद पैकस (6) स्याहडवा पैकस (7) कार्यालय सहकारी विपणन समिति लि. हिसार।**

सूचियां प्रदर्शित करने की तिथि : 16.06.2025 से 02.07.2025 आपत्ति दायर करने की तिथि 16.06.2025 से 02.07.2025 सायं 5 बजे तक किसी भी कार्यदिवस को जोनल कमेटी के आदेश से।

**हस्ता/- प्रबंधक**
**दि हिसार सहकारी विपणन समिति लि. नई अनाज मण्डी, दुकान नं. 187 हिसार**

# एसडीएम ने दौरा कर ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**खास बातें**
- 90 प्रतिशत कार्य पूरा, बाकी जल्द पूरा करने के निर्देश
- हांसी व नारनौंद क्षेत्र की 242 में से 218 किलोमीटर लंबाई की ड्रेनों की सफाई हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। बरसाती पानी निकासी को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते तथा ड्रेनों की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो : हरिभूमि

मानसून सीजन में खेतों तथा रिहायशी क्षेत्रों से अतिरिक्त बरसाती पानी निकासी को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा के लिए एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक मैराथन बैठक की। इसके बाद अधिकारियों को साथ लेकर ड्रेनों की साफ सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि हांसी तथा नारनौंद उपमंडल में 38 ड्रेन है जिनकी कुल लंबाई 242 किलोमीटर है। इसमें से 15 जून तक 218 किलोमीटर लंबाई की ड्रेनों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिकारियों ने एसडीएम को बताया कि ड्रेनों की सफाई का 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि बाकी कार्य भी तेजी से पूरा करना सुनिश्चित करें।

### मनरेगा के तहत एक लाख कार्य दिवस सृजित हो चुके

इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने एसडीएम को बताया कि ड्रेनों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है। सफाई के कार्य से मनरेगा योजना के तहत एक लाख से अधिक कार्य दिवस सृजित हो चुके हैं। सैकड़ों अकुशल श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हुआ है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने हांसी ड्रेन, बास मल्टीपरपज चैनल, न्यू सिवानी फीडर सहित कई ड्रेनों का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने एसडीएम को बताया कि बरसाती मौसम में इस बार क्षेत्र में कहीं भी अतिरिक्त जल भराव नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए अग्रिम प्रबंध लगभग पूरे कर लिए गए हैं। गढ़ी, खरकड़ा, भाटोल, मेहंदा इत्यादि गांव से पानी निकासी के लिए एचडीईपी पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस क्षेत्र के अतिरिक्त बरसाती पानी को इस पाइपलाइन के माध्यम से बास मल्टीपरपज चैनल तथा न्यू सिवानी फीडर में डालने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए लगभग 10 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई गई है।

### ड्रेनों में कूड़ा करकट डाला तो होगी सख्त कार्रवाई, रखी जाएगी नजर

एसडीएम जब ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए बास मल्टीपरपज चैनल पर पहुंचे तो उन्होंने यहां ड्रेन में ठोस कूड़ा करकट पड़ा देखा। पूछताछ करने पर पाया कि यह कूड़ा करकट साथ लगते एक ढाबे के मालिक द्वारा डलवाया जा रहा है। एसडीएम तुरंत ढाबे पर पहुंचे और ढाबे मलिक को इसे तुरंत उठाकर उचित ढंग से निष्पादन करने के ना केवल निर्देश दिए बल्कि कूड़ा करकट उठाने का कार्य भी शुरू करवाया। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की ड्रेनों में ठोस कूड़ा डालने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता नवदीप सांगवान, एसडीओ विवेक गुप्ता, जेई प्रवीण कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शहर की सड़क बनी नहर, निचले इलाकों में ज्यादा दिक्कत

# ९३ एमएम बारिश से शहर में जलभराव घरों और दुकानों में पानी घुसने से परेशानी

अत्याधिक जलभराव के कारण कई वाहन चालक फंसे, बारिश के कारण अधिकतम तथा न्यूनतम पारे में गिरावट दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। महाबीर स्टेडियम व हकृवि गेट के सामने जलभराव।


हिसार। सैनियान मोहल्ला स्थित पानी से लबालब मनीराम चौक।


हिसार। डोगरान मोहल्ला में जलभराव के बीच से गुजरती गाड़ी।

हिसार व आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार की अलसुबह झमाझम बारिश हुई। करीब 93 मिलीमीटर बारिश के कारण शहर के अधिकतर क्षेत्रों में जलभराव हो गया। शहर के निचले इलाकों में हालात और अधिक खराब हो गए। कहीं कॉलोनियों में तो लोगों के घरों व दुकानों में बरसाती पानी घुस गया। शहर की सड़कों ने नहर का रूप ले लिया। जलभराव के चलते अधिकांश वाहन तो बीच पानी में ही जवाब दे गए जिस कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के कारण अधिकतम तथा न्यूनतम पारे में गिरावट दर्ज की गई है।

बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, हालांकि वातावरण में नमी बढ़ने से लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। मंगलवार को हिसार का अधिकतम तापमान 31.9 और न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के कारण फसलों को फायदा पहुंचा है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 48 घंटे मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। उसके बाद 19 जून से एक नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्री-मानसून की गतिविधियां की संभावना बनती नजर आ रही है।

करीब 62 एमएम बारिश से शहर के कई निचले क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जिंदल चौक, अर्बन एस्टेट, न्यू सब्जी मंडी, ऑटो मार्केट, मिल गेट, डोगरान मौहल्ला, सैनियान मौहल्ला, आजाद नगर, मिर्जापुर रोड, शिव नगर, बाबा बालकनाथ मंदिर रोड, पटेल नगर, कैमरी रोड, देवीभवन रोड, विजय नगर, शांति नगर, राजीव नगर, 12 क्वार्टर रोड, सूर्य नगर, रेलवे रोड, महाबीर स्टेडियम गेट, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ऋषि नगर सहित कई अन्य क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जलभराव के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### 20 घंटे बाद भी हालत सामान्य नहीं

शहर के कुछ एरिया ऐसे थे, जहां पर बारिश होने के 3-5 घंटे बाद पानी उतर गया था और स्थिति सामान्य हो गई थी। दूसरी तरफ पुरानी सब्जी मंडी चौक से सैनी स्कूल की तरफ जाने वाली सड़क पर बारिश होने के 20 घंटे बाद भी हालत सामान्य नहीं हो पाई। इस सड़क पर बसे सैनियान मोहल्ला के क्षेत्र के लोग दिनभर घरों में कैद होकर रहे गए।

### सेक्टर 33 पानी से लबालब, अधिकारियों से मिले


हिसार। अधिकारियों से मिले सेक्टरवासी।

हिसार। बारिश के कारण सेक्टर 33 में जलभराव की स्थिति बन गई। पूरा सेक्टर झील में बदल गया। सेक्टर 33 रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के प्रधान धर्मवीर पन्नू ने कहा कि बरसात में शहर के सबसे महंगा सेक्टर के घरों की नीव मैं पानी भर गया। अभी तो मानसून भी नहीं आया है। अभी सेक्टर के यही हालात हैं मानसून आने पर क्या होगा। लोगों में डर बना हुआ है कि मकान न गिर जाए जो हमने सात पीढ़ी की कमाई करके और लोन लेकर बनाया है। प्रधान धर्मवीर पन्नू ने आरोप लगाया कि एचएसवीपी के अधिकारियों की नाकामी के कारण सेक्टर में जगह जगह-पानी भर गया है। क्योंकि उन्होंने बरसाती नाला व सीवरेज लाइन की कभी सभी नहीं करवाई। इस मुद्दे को लेकर प्रधान धर्मवीर पन्नू के नेतृत्व में सेक्टरवासी सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पवन कुमार, एक्सईएन भूपेंद्र सिंह व निधि भारद्वाज से मिले।

### पहली ही बरसात से आदमपुर जलमग्न


आदमपुर। अनाज मंडी रोड पर जमा बरसाती पानी।

आदमपुर। आदमपुर व आसपास के क्षेत्र में सोमवार की रात्रि व मंगलवार को सुबह मेगा जमकर बरसे। इसके चलते लोगों व किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं, पूरा आदमपुर शहर बरसाती पानी निकासी के उचित प्रबंध न होने के चलते हैं जलमग्न हो गया है। पहली बरसात ने पानी निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। अनाज मंडी, सिनेमा हॉल रोड, बस स्टैंड रोड, क्रांति चौक, बोगा मंडी, शिव कॉलोनी, जवाहर नगर लाइन पार पहली बरसात से झील बन गए हैं, जिसके चलते आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि अनाज मंडी में पानी निकासी का प्रबंध होने के कारण पिछले साल व्यापारियों का गुड़, चीनी ,मसाले, सरसों व अन्य जींस पानी में बह गए थे जिससे व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ था। इस बार भी पहली बरसात से लगभग आधी अनाज मंडी पानी से भर गई है, अगर बरसात और हुई तो गत वर्ष की तरह व्यापारियों को फिर भारी नुकसान व परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# अवैध कटों को जल्द स्थायी रूप से बंद करें


हिसार। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव तथा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

- उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सडक़ सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सडक़ सुरक्षा सुधारों पर व्यापक चर्चा हुई।

उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कटों को जल्द से जल्द स्थायी रूप से बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित एसडीएम तथा पुलिस की सहायता ली जाए। उपायुक्त ने गढ़ी, सोरखी आदि जगहों पर, जहां भी डिवाइडर ग्रिल टूटे हुए हैं, ऐसे सभी स्थानों पर ग्रिल की मरम्मत व बैरिकेडिंग करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त के समक्ष 2024 व 2025 के सडक़ दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत किए गए। उपायुक्त ने सडक़ से संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए कि डेटा-आधारित विश्लेषण के आधार पर सटीक रणनीति बनाई जाए।

बैठक में बताया गया कि कई एजेंडा बिंदु एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले 3 से 6 महीनों से लंबित हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी और समय सीमा में कार्य पूरा न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और आगामी बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नगराधीश हरिराम, रोडवेज महाप्रबंधक डॉ मंगलसेन, डीएफओ रोहताश बिरथल, डीएसपी सिद्धार्थ, आरटीए संजय बिश्नोई, सिंचाई विभाग के एसई विमल कुमार, एक्सईएन भूपेंद्र सिंह, जतिन खुराना, डॉ गरिमा दहिया, निखिल मोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिंदल स्टेनलेस को मिला नेशनल अवॉर्ड

- मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पिटिटिवनेस अवार्ड से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। अवॉर्ड प्राप्त करते कंपनी के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी जिंदल स्टेनलेस को लगातार तीसरे साल नेशनल अवॉर्ड फॉर मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पिटिटिवनेस से सम्मानित किया गया। इस बार कंपनी को लगातार तीन साल गोल्ड अवॉर्ड जीतने के बाद डायमंड ट्रॉफी दी गई। इसके अलावा, हरियाणा के हिसार प्लांट को आत्मनिर्भर नेशन बिल्डर अवार्ड की एक्सेलसियर श्रेणी में भी सम्मानित किया गया। इससे पहले हिसार यूनिट को इस पुरस्कार की सामान्य श्रेणी में तीन बार लगातार जीत मिल चुकी है। ये पुरस्कार जिंदल स्टेनलेस की मेहनत, गुणवत्ता और देश के विकास में उसके योगदान को दिखाते हैं। ये सम्मान सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं हिसार यूनिट हेड विजय बिंदलिश, एवीपी और प्रमुख - एसएमएस और एचआरएम सुशील जैन और जीएम - ओइसी और मैनेजमेंट प्रतिनिधि लक्षित सेठ ने प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, कि स्टेनलेस स्टील की ताकत, टिकाऊपन और पर्यावरणीय स्थिरता इसे भविष्य की धातु बनाती है। जिंदल स्टेनलेस में हम हमेशा आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए इस दिशा में काम करते रहे हैं। जिंदल स्टेनलेस, हिसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं यूनिट हेड विजय बिंदलिश ने कहा कि हमारा हिसार प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है और लगातार शहर व आस-पास के इलाकों की आर्थिक तरक्की में योगदान दे रहा है।

# स्कूल और संस्थानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन हटाई जाएं

- 11 केवी और 33 केवी लाइनों को स्थानांतरित के लिए 151.51 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


ए श्रीनिवास, प्रबंध निदेशक।

हरियाणा ऊर्जा विभाग के सचिव एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ए श्रीनिवास ने स्कूल परिसर के ऊपर से गुजरने वाली खतरनाक ओवरहेड एचटी बिजली लाइनों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) एवं हरियाणा पावर यूटिलिटी के अध्यक्ष एके सिंह ने हरियाणा पावर यूटिलिटीज के सभी निगमों, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को स्कूल परिसर के ऊपर से गुजरने वाली खतरनाक ओवरहेड एचटी बिजली लाइनों को स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा मानव अधिकार आयोग (एचएचआरसी) के निर्देशों का अनुपालन होगा। एचएचआरसी द्वारा स्कूल परिसर के ऊपर से गुजरने वाली हाई टेंशन ओवरहेड बिजली लाइनों को तत्काल हटाने की आवश्यकता के संबंध में हाल ही में निर्देश जारी किए गए। एचएचआरसी ने ऐसी बिजली लाइनों को हटाने के लिए प्रगति और समयसीमा को रेखांकित करते हुए दो महीने के भीतर एक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि बस्तियों और संवेदनशील क्षेत्रों से 11 केवी और 33 केवी लाइनों को स्थानांतरित करने का कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए 151.51 करोड़ रुपये का बजटीय समर्थन स्वीकृत किया गया है। इसी तरह स्कूल के ऊपर से बिजली लाइनों को स्थानांतरित करने को भी लाइनों को स्थानांतरित करने की चल रही योजना के दायरे में शामिल किया जा सकता है।

## गांव खरड़ अलीपुर में युवाओं ने लिया नशा मुक्त भारत का संकल्प


हिसार। युवाओं को नशे के प्रति जानकारी देते राहुल शर्मा।

हिसार। देश तभी बचेगा जब युवा नशे से बचेगा इसी दृढ़ संकल्प के साथ जिले के गांव खरड़ अलीपुर के खेल मैदान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान और जिला प्रशासन, हिसार के सहयोग से हुए इस आयोजन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता मास्टर वालंटियर व सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही देश की सबसे बड़ी ताकत होती है और अगर यही ताकत नशे से बर्बाद हो गई, तो भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा। युवाओं को अपने सपनों, परिवार और देश के भविष्य के लिए नशे से दूर रहना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे को जीवन से दूर रखें।





हिसार। गुरुकुल कुंभाखेड़ा में आयोजित शिविर में आत्मरक्षा के गुरु सीखते युवा।

### युवाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, कराटे का प्रशिक्षण दिया

हिसार। गुरुकुल कुम्भाखेड़ा में आर्य वीर दल हिसार द्वारा आर्य महासभा गुरुकुल विद्यापीठ कुम्भाखेड़ा के सहयोग से आयोजित आठ दिवसीय आर्यवीर प्रशिक्षण शिविर जारी है। शिविर में न केवल हिसार के अनेक गांवों अपितु अन्य अनेक जिलों के युवक पूरी रूचि और उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। शिविर में आर्य वीर दल के सुयोग्य व्यायाम आचार्य सत्यम आर्य, देवव्रत आर्य और पवित्र आर्य के मार्गदर्शन में शिविरार्थी लाठी, कराटे, सर्वांगसुंदर व्यायाम, दण्ड बैठक, योगासन, प्राणायाम और ध्यान का प्रशिक्षण ले रहे है। साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति, इतिहास और आदर्शों के बारे में भी बताया जा रहा है। शिविर के आयोजक एवं गुरुकुल कुम्भाखेड़ा के संचालक आचार्य आत्मप्रकाश ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन युवाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। उन्हें विशेष रूप से कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही भारतीय संस्कृति के अनुपम व्यायाम सर्वांगसुन्दर व्यायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। शिविर का समापन रविवार 22 जून को प्रातः काल होगा।

## अशोक कुमार गर्ग एफएलएन ट्रेनिंग का निरीक्षण

# कमिश्नर ने अध्यापकों से सांझा किए अनुभव

- कमिश्नर काम को लेकर चर्चा की और एक अच्छे समाज की विशेषताओं और निर्माण के बारे में पूछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। नारनौंद मॉडल स्कूल में अध्यापकों को संबोधित करते कमिश्नर अशोक गर्ग।

हिसार मंडल के कमिश्नर अशोक कुमार गर्ग ने नारनौंद ब्लॉक के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रही पांच दिवसीय एफएलएन ट्रेनिंग कार्यक्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अध्यापकों के साथ उनके काम को लेकर चर्चा की और एक अच्छे समाज की विशेषताओं और निर्माण के बारे में पूछा। कमिश्नर अशोक गर्ग ने कहा कि अध्यापकों का काम समाज को सभ्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि वे अपने काम को और भी प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप प्राथमिक शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने और छात्रों को बेहतर तरीके से पढ़ाने में मदद मिलेगी।

इससे छात्रों की समझ और प्रदर्शन में सुधार होगा और वे अपने भविष्य के लिए बेहतर तैयार होंगे।

### ये मौजूद रहे

इस दौरान डिप्टी डीईओ विजेंद्र सिंह, डाइट मात्रश्याम से संतोष कुमारी, खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह, एफएलएन ट्रेनिंग की इंचार्ज उर्मिल, एफएलएन कॉर्डिनेटर मनोज गर्ग, महिप शर्मा आदि मौजूद रहे।